**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1090**

**दिनांक 05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर की जांच**

**†1090. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः**
**श्री पुट्टा महेश कुमारः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य-वार, आंध्र प्रदेश में जिला-वार, विशेषकर वापटला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग एवं आघात रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इत्यादि जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत कैंसर की जांच कराने वाले व्यक्तियों की संख्या का वर्ष-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है,

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान कैंसर के चरण के साथ-साथ इस प्रकार की जांच के माध्यम से पता लगाए गए कैंसर रोगियों की संख्या का राज्य-वार, वर्ष-वार, योजना-वार और आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार विशेषकर वापटला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान कैंसर जांच कार्यक्रमों हेतु जारी और उपयोग की गई कुल धनराशि का राज्य-वार, वर्ष-वार, योजना-वार और आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार विशेषकर वापटला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार ने अधिक संवेदनशीलता और मरीज़ों की स्वीकार्यता के साथ शुरुआती चरण में पता लगाने के तरीकों को मज़बूत करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। उठाने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान कैंसर जांच से संबंधित सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) कार्यकलापों पर किए गए व्यय का वर्ष-वार, योजना-वार, राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) : स्वास्थ्य राज्य का विषय है। आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत सामान्य कैंसर (मुख, स्तन और गर्भाशय-ग्रीवा) के साथ-साथ उच्च रक्तचाप और मधुमेह के लिए जनसंख्या-आधारित स्क्रीनिंग लागू कर रही है। राज्य में वित्तीय वर्ष 2024-25 से इन तीन सामान्य कैंसरों के लिए

विशेष रूप से व्यवस्थित जनसंख्या-आधारित स्क्रीनिंग शुरू की गई: जनसंख्या-आधारित कैंसर स्क्रीनिंग का दूसरा चरण वर्तमान में 2025-26(एनसीडी-4 सर्वेक्षण) में चल रहा है। वर्ष 2024-25 से पहले, स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर केवल सीमित अवसरवादी स्क्रीनिंग ही की जाती थी; मुख के कैंसर, स्तन और गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के लिए बड़े पैमाने पर जनसंख्या-आधारित स्क्रीनिंग नहीं की गई थी।

2024-25 और 2025-26 (अब तक) के दौरान तीन सामान्य कैंसरों के लिए स्क्रीन किए गए व्यक्तियों का राज्य-वार और जिला-वार विवरण अनुलग्नक-1 में संलग्न है। बापटला जिले (जो पूरी तरह से बापटला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आता है) में स्क्रीनिंग का विवरण निम्नलिखित है:

| वर्ष | जांच किए गए मुख कैंसर | जांच किए गए स्तन और गर्भाशय -ग्रीवा कैंसर |
|---|---|---|
| 2024-25 | 8,99,363 | 4,64,101 |
| 2025-26 (अब तक) | 2,45,269 | 1,31,588 |

(ख): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, बापटला जिले में स्क्रीनिंग के माध्यम से पता लगाए गए कैंसर रोगियों की वर्ष-वार संख्या निम्नलिखित है;

| वर्ष | कैंसर का स्थान | जाँच किए गए व्यक्ति | संदिग्ध मामले | उपचार संबंधी मामले |
|---|---|---|---|---|
| 2024-25 | मुख | 8,99,363 | 3,168 | 221 |
| | स्तन | 4,64,101 | 1,480 | 492 |
| 2025-26 (जारी) | गर्भाशय ग्रीवा | 4,64,101 | 1,372 | 371 |
| | मुख | 2,45,269 | 3,017 | 98 |
| | स्तन | 1,31,588 | 1,285 | 187 |
| | गर्भाशय ग्रीवा | 1,31,588 | 2,067 | 151 |

(ग): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि आंध्र प्रदेश, बपटला जिले सहित, पिछले पाँच वर्षों में कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रमों के लिए जारी और उपयोग किए गए निधियाँ वर्षवार अनुलग्नक II में दी गई हैं।

(घ): आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के अंतर्गत गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के निवारक पहलू को सुदृढ़ किया जाता है। इसके अतिरिक्त, एनपी-एनसीडी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत सामान्य गैर-संचारी रोगों के लिए जागरूकता सृजन (आईसी) कार्यकलापों हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अपनी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के अनुसार उठाए जाने

वाले कदमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। कैंसर के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए अन्य पहलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस मनान और निरंतर सामुदायिक जागरूकता के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का उपयोग शामिल है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के एक भाग के रूप में, देश में मुख के कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर सहित सामान्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम, नियंत्रण और स्क्रीनिंग के लिए एक जनसंख्या-आधारित पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत, 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को उनकी स्क्रीनिंग के लिए लक्षित किया गया है।

'विशिष्ट परिचर्या कैंसर सुविधा केंद्रों को सुदृढ़ करने की योजना' के तहत देश भर में 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआ) और 20 विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) स्थापित किए गए हैं। आंध्र प्रदेश में कुरनूल मेडिकल कॉलेज को राज्य कैंसर संस्थान के रूप में स्थापित किया गया है।

(ङ): विगत पाँच वर्षों के दौरान कैंसर स्क्रीनिंग से संबंधित सूचना, शिक्षा और संचार (आईसी) कार्यकलापों पर हुए व्यय का वर्षवार, राज्यवार और जिलावार विवरण अनुलग्नक III में दिया गया है।

**अनुलग्नक-I**

## आंध्र प्रदेश राज्य के तीन सामान्य कैंसरों की जांच का जिला-वार विवरण

| क्र.सं. | जिला | 2024-25 | | | | 2025-26 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुख कैंसर | | स्तन कैंसर और गर्भाश- ग्रीवा कैंसर | | मुख कैंसर | | स्तन कैंसर और गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर | |
| | | लक्षित जनसंख्या (18+ वर्ष) से अधिक | जाँच किए गए व्यक्तियों की संख्या | लक्षित जनसंख्या (18+ वर्ष) से अधिक | जाँच किए गए व्यक्तियों की संख्या | लक्षित जनसंख्या (18+ वर्ष) से अधिक | जाँच किए गए व्यक्तियों की संख्या | लक्षित जनसंख्या (18+ वर्ष) से अधिक | जाँच किए गए व्यक्तियों की संख्या |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 786149 | 444225 | 406568 | 233519 | 786149 | 242314 | 406568 | 134121 |
| 2 | अनका पल्ली | 1398733 | 957141 | 710431 | 492963 | 1398733 | 278530 | 710431 | 152142 |
| 3 | अनंतपुर | 1937800 | 1343228 | 977900 | 677788 | 1937800 | 308503 | 977900 | 162829 |
| 4 | अन्नामाय्या | 1408914 | 950479 | 710540 | 485925 | 1408914 | 243743 | 710540 | 128376 |
| 5 | बापटला | **1314182** | **899363** | **665482** | **464101** | **1314182** | **245269** | **665482** | **131588** |
| 6 | चित्तूर | 1602518 | 1151876 | 816982 | 585153 | 1602518 | 219720 | 816982 | 118376 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 1566185 | 1110510 | 801332 | 572170 | 1566185 | 303071 | 801332 | 163011 |
| 8 | एलेरू | 1730111 | 1335506 | 885979 | 683109 | 1730111 | 326949 | 885979 | 176181 |
| 9 | गुंटूर | 1795287 | 1159515 | 918020 | 606865 | 1795287 | 181799 | 918020 | 98833 |
| 10 | काकीनाडा | 1797858 | 1248434 | 905795 | 637847 | 1797858 | 276484 | 905795 | 148674 |
| 11 | कोनासेमा | 1476514 | 1129445 | 739040 | 569075 | 1476514 | 326288 | 739040 | 172070 |
| 12 | कृष्णा | 1476279 | 1072165 | 750848 | 553009 | 1476279 | 240872 | 750848 | 129573 |
| 13 | कुर्नूल | 1958827 | 1354824 | 989266 | 674750 | 1958827 | 262797 | 989266 | 134417 |
| 14 | नंदीयाल | 1453472 | 1063409 | 730019 | 534772 | 1453472 | 253456 | 730019 | 133283 |
| 15 | एनटीआर | 1825506 | 1272062 | 929581 | 657437 | 1825506 | 335265 | 929581 | 178759 |
| 16 | पालनदु | 1712235 | 1220763 | 863279 | 626778 | 1712235 | 230614 | 863279 | 123079 |
| 17 | पार्वे | 775148 | 561220 | 397337 | 290819 | 775148 | 132256 | 397337 | 72964 |
| 18 | तिप्पुर एएमएमए एनवाईएम | 1920637 | 1323894 | 953917 | 668911 | 1920637 | 409361 | 953917 | 214144 |
| 19 | प्रकासम | 2039888 | 1311920 | 1029576 | 677752 | 2039888 | 297763 | 1029576 | 161438 |
| 20 | श्री सत्य साई | 1603244 | 1095671 | 807499 | 551272 | 1603244 | 249139 | 807499 | 131213 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 1910753 | 1329581 | 967512 | 688143 | 1910753 | 326422 | 967512 | 180089 |
| 22 | तिरुपति | 1783831 | 1250960 | 910534 | 645288 | 1783831 | 284076 | 910534 | 155636 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 1846075 | 1196356 | 937007 | 620400 | 1846075 | 321421 | 937007 | 173922 |
| 24 | विज़ियाना गरम | 1594421 | 1140375 | 805208 | 584542 | 1594421 | 278114 | 805208 | 154208 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 1511348 | 1094751 | 775534 | 559855 | 1511348 | 387592 | 775534 | 206783 |
| 26 | वाईएसआर काडपा | 1689417 | 1218216 | 847038 | 623001 | 1689417 | 353091 | 847038 | 187202 |
| कुल योग | | **41915332** | **29235889** | **21232224** | **14965244** | **41915332** | **7314909** | **21232224** | **3922911** |

अनुलग्नक-II

**आंध्र प्रदेश के उपभोग्य सामग्री और रसद सामग्री की खरीद के लिए कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम हेतु वार्षिक रूप से उपयोग किए गए निधियों का जिला-वार विवरण निम्नलिखित है:**

| क्र.सं. | जिला नाम | वित्त वर्ष **2024-25** | वित्त वर्ष **2025-26** |
|---|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 2168516.3 | 1362751.6 |
| 2 | अनाकापल्ली | 3182514.3 | 1723928.6 |
| 3 | अनंतपुर | 4055436.9 | 2291374.4 |
| 4 | अन्नामय्या | 3071611.2 | 1695136.8 |
| 5 | बापटला | **2939066.0** | **1703632.6** |
| 6 | चित्तूर | 3725288.9 | 2052993.6 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 3151565.5 | 1813838.6 |
| 8 | एलेरू | 3826897.9 | 2172840 |
| 9 | गुंटूर | 3514998.5 | 2002668.4 |
| 10 | काकीनाडा | 3796749.0 | 2164989 |
| 11 | कोनासेमा | 3159569.8 | 1804225 |
| 12 | कृष्णा | 3127596.8 | 1784147.4 |
| 13 | कुर्नूल | 4124392.7 | 2321709.6 |
| 14 | नंदीयाल | 3204261.4 | 1812252.8 |
| 15 | एनटीआर | 3725882.9 | 2134377 |
| 16 | पालनडु | 3347283.7 | 2035454.4 |
| 17 | पर्वतीपुरम | 2122063.6 | 1245564 |
| 18 | मनीयम | 4412800.3 | 2387365.2 |
| 19 | प्रकासम | 4700898.2 | 2532187.2 |
| 20 | एसपीएसआर नेल्लोर | 3347423.9 | 1949024.2 |
| 21 | श्री सत्य साई | 4456230.1 | 2457823.6 |
| 22 | श्रीकाकुलम | 4215535.7 | 2355243.8 |
| 23 | तिरुपति | 3737329.1 | 2177045.6 |
| 24 | विशाखापत्तनम | 3803240.9 | 2163535.8 |
| 25 | विज़ियानगरम | 3176055.8 | 1868281 |
| 26 | पश्चिम गोदावरी | 3957385.6 | 2171016 |
| कुल | | 92050594.9 | 52183406.2 |

**अनुलग्नक-III**

**आंध्र प्रदेश में कैंसर स्क्रीनिंग के लिए आईसी के तहत व्यय का जिलावार विवरण निम्नलिखित है:**

| **क्र.सं.** | **जिला नाम** | **कुल राशि** |
|---|---|---|
| 1 | श्रीकाकुलम | 413759.64 |
| 2 | पर्वतीपुरम मन्याम | 179310.96 |
| 3 | विज़ियानागरम | 343320.12 |
| 4 | अल्लूरी सीता राम राजू | 195468.84 |
| 5 | विशाखापत्तनम | 361197.6 |
| 6 | अनकापल्ली | 295799.16 |
| 7 | कोंडासीमा | 316683.36 |
| 8 | काकीनाडा | 382286.16 |
| 9 | पूर्वी गोदावरी | 325179.36 |
| 10 | एलेरू | 379633.56 |
| 11 | पश्चिमी गोदावरी | 318725.64 |
| 12 | कृष्णा | 318705.12 |
| 13 | एनटीआर | 385995.6 |
| 14 | गुंटूर | 376883.28 |
| 15 | पालनाडु | 368979.24 |
| 16 | प्रकासम | 423319.92 |
| 17 | बापटला | 280022.88 |
| 18 | अन्नामय्या | 310314.24 |
| 19 | श्री सत्य साई | 345633.24 |
| 20 | अनंतपुर | 419881.44 |
| 21 | चित्तूर | 345061.32 |
| 22 | तिरुपति | 390546.96 |
| 23 | एसपीएसआर नेल्लोर | 434448.36 |
| 24 | कुर्नूल | 435653.4 |
| 25 | वाईएसआर कडपा | 381283.8 |
| 26 | नंद्याल | 334504.56 |
| **कुल** | | 90,62,598 |

******